आना हमारी अटारी मेरे बांके बिहारी

आना हमारी अटारी मेरे बांके बिहारी,

मेरे ससुर काडर मत करना,
वो तो बुढा अनाड़ी मेरे बांके बिहारी,
आना हमारी अटारी मेरे बांके बिहारी,

मेरे सासु जी का डर मत करना,
वो तो है बुढिया विचारी मेरे बांके बिहारी,
आना हमारी अटारी मेरे बांके बिहारी,

मेरे जेठ जी का डर मत करना,
वो तो गया है ससुराली मेरे बांके बिहारी,
आना हमारी अटारी मेरे बांके बिहारी,

मेरे जेठानी का डर मत करना,
उसकी अलग है आतारी मेरे बांके बिहारी,
आना हमारी अटारी मेरे बांके बिहारी,

मेरे देवर जी का डर मत करना,
उसपे है मर्जी हमारी मेरे बांके बिहारी,
आना हमारी अटारी मेरे बांके बिहारी,

मेरे पिया जी का डर मत करना,
वो तो है तेरा पुजारी मेरे बांके बिहारी,
आना हमारी अटारी मेरे बांके बिहारी,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/3100/title/aana-hamari-atari-mere-banke-bihari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |